जनपद हमीरपुर

दिनांक 05.06.2026

आगामी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा को सकुशल आयोजित कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा परीक्षा ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 05.06.2026 को पुलिस लाइन सभागार, जनपद हमीरपुर में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती परीक्षा को सकुशल आयोजित कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए अधिकारी/कर्मचारियों की ब्रीफिंग की इस दौरान परीक्षा की संवेदनशीलता एवं महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी को ड्यूटी के दौरान पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने, अभ्यर्थियों के साथ शालीन व्यवहार रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए ड्यूटी निर्वहन करने पर विशेष बल दिया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।